समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने जून मे लगाई छलांग, PMI इंडेक्स पहुंचा 58 के पार।

Deepika Pawar

Published on 01 Jul 2025



## HSBC रिपोर्ट के मुताबिक जून मे PMI बढ़कर 58.4 पर पहुंचा, घरेलू मांग और नए ऑर्डर्स से बढ़ी ग्रोथ।

**Manufacturing Sector PMI June:** भारत के **मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर** ने जून 2025 में नई ऊंचाइयों को छुआ है। **HSBC इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI)** के अनुसार, जून में यह इंडेक्स **57.6** से **बढ़कर 58.4** पर पहुंच गया, जो कि पिछले **14 महीनों का उच्चतम स्तर** है। यह संकेत देता है कि देश में **फैक्ट्री एक्टिविटी, ऑर्डर फ्लो** और **रोजगार** में जबरदस्त उछाल आया है।

**तिमाही ग्रोथ भी दिखी दमदार**

जून तिमाही में औसतन **PMI रीडिंग 57.4 से बढ़कर 58.1** हो गई है, जिससे साफ है कि **उत्पादन** और **घरेलू मांग** लगातार बढ़ रही है। **HSBC की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी** के मुताबिक, "नए ऑर्डर मिलने की दर तेज़ हुई है, जिससे उत्पादन और रोजगार दोनों में सकारात्मक बदलाव आया है।"

**क्या होता है PMI इंडेक्स?**

**PMI** यानी **Purchasing Managers' Index** यह दिखाता है कि देश की फैक्ट्री गतिविधियां कितनी सक्रिय हैं। यह इंडेक्स **नए ऑर्डर्स, प्रोडक्शन, इन्वेंट्री, डिलीवरी और रोजगार** जैसे फैक्टर्स पर आधारित होता है।

**PMI > 50 :** विकास

**PMI = 50 :** स्थिर

**PMI < 50 :** गिरावट

### वैश्विक चुनौतियों के बीच भी दिखाया दम

एक तरफ **अमेरिकी टैरिफ** और **दूसरी तरफ वैश्विक अस्थिरता** (जैसे ईरान-इज़राइल तनाव), लेकिन इसके बावजूद **भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर** मजबूती से खड़ा रहा। **HSBC के अनुसार**, नए **एक्सपोर्ट ऑर्डर्स** और **घरेलू डिमांड** ने इस ग्रोथ को सहारा दिया है।

### IIP मे थोड़ी गिरावट

जहां एक ओर **मैन्युफैक्चरिंग PMI** में उछाल दिखा, वहीं दूसरी ओर **Industrial Production Index (IIP)** के मोर्चे पर स्थिति थोड़ी सुस्त रही। मई में **IIP सिर्फ 1.2% की ग्रोथ** दिखा पाया, जिसका मुख्य कारण भारी बारिश की वजह से **बिजली उत्पादन** और **खनन** में रुकावट रहा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Deepika Pawar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.